# घरेलू मांग से भारतीय अर्थव्यवस्था बम-बम

## वित्त मंत्री ने कहा- वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता बरकरार, मजबूत घरेलू बाजार बना हुआ है अर्थव्यवस्था का सहारा

**नई दिल्ली, 15 जून. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी बढ़ती अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूत घरेलू मांग अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है.**



उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदलते व्यापारिक हालात और आयात शुल्क में अचानक होने वाले बदलाव भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं, लेकिन देश का विशाल घरेलू बाजार इन चुनौतियों के प्रभाव को कम करने में सहायक साबित हो रहा है.

यहां आयोजित 'माइंडमाइन सम्मेलन 2026' के एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि भारत का निर्यात प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, लेकिन वैश्विक व्यापार माहौल में अनिश्चितता लगातार बनी हुई है. जिन प्रमुख वस्तुओं का देश बड़े पैमाने पर आयात करता है, उनकी कीमतों और आपूर्ति में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है. ऐसे समय में विदेशी मुद्रा भंडार का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है.

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के लिए सबसे बड़ी ताकत उसका बड़ा घरेलू बाजार है. घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिल रही है. हालांकि विनिर्माण क्षेत्र को आयातित कच्चे माल की बढ़ती कीमतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उत्पादन लागत पर दबाव बना हुआ है.

मानसून की स्थिति पर उन्होंने कहा कि अल-नीनो प्रभाव के कारण इस वर्ष कम वर्षा की आशंका जताई जा रही है.

> विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव के सवाल पर सीतारमण ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा जुटाने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं. बॉन्ड बाजार में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों से पूंजी जुटाने की अनुमति दी गई है, जिससे वित्तीय प्रणाली को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी.

हालांकि देश के पास पर्याप्त खाद्यान्न भंडार उपलब्ध है और खाद्यान्न संकट जैसी स्थिति की संभावना नहीं है. फिर भी कम बारिश का असर किसानों की आय पर पड सकता है.

## राखियों ने दिलाई रांची की पूर्णिमा को अलग पहचान

**नई दिल्ली, 15 जून** रांची की रहने वाली पूर्णिमा ने अपने हुनर और क्रिएटिविटी से हाथ से बनी यूनिक राखियों के जरिए एक अलग पहचान बनाई है. वह रक्षाबंधन के अवसर को ध्यान में रखते हुए दो महीने पहले से ही तैयारियों में जुट जाती हैं और अपने हाथों से ऐसी राखियां बनाती हैं जो डिजाइन और थीम के मामले में बेहद खास होती हैं. उनके कलेक्शन में भाभी के लिए मांगटीका राखी से लेकर भगवान शिव और गणेश जी थीम वाली राखियां भी शामिल हैं, जिनकी शुरुआती कीमत लगभग रु. 40 से होती है.

पूर्णिमा ने अपने इस काम को एक छोटे स्तर से शुरू किया था, लेकिन आज उन्होंने इसे एक ब्रांड का रूप दे दिया है. वह बताती हैं कि उनका सबसे बड़ा फोकस यूनिक डिजाइन बनाने पर रहता है.

# मई में थोक महंगाई 9 .68 फीसदी

**नयी दिल्ली, 15 जून थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर यानी थोक महंगाई मई में बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गयी. अप्रैल में यह 8.26 प्रतिशत पर रही थी.**

ये आंकड़े नयी सीरीज के आधार पर जारी किये गये हैं. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अब थोक महंगाई की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 कर दिया गया है और उसके आधार पर पहली बार आंकड़े जारी किये गये हैं.

थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के दाम में तेज बढ़ोतरी है. इस उपवर्ग में थोक महंगाई दर 61.51 प्रतिशत रही. खनिज तेल की मुद्रास्फीति 49.82 प्रतिशत दर्ज की गयी. वहीं, कोयला और लिगनाइट एक साल में 2.26 प्रतिशत और बिजली 1.85 प्रतिशत सस्ती हुई है. कुल मिलाकर ईंधन एवं ऊर्जा वर्ग की थोक महंगाई दर 30.33 प्रतिशत रही.



विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग की महंगाई दर 7.48 प्रतिशत और प्राथमिक वस्तुओं के वर्ग की 4.99 प्रतिशत रही. प्राथमिक वस्तुओं में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 3.60 फीसदी, अखाद्य पदार्थों की 9.49 फीसदी और खनिजों की 4.91 फीसदी दर्ज की गयी.

> विनिर्मित वस्तुओं में तंबाकू उत्पादों के दाम में सालाना 13 .59 प्रतिशत, रसायन और रासायनिक उत्पादों में 13 .40 प्रतिशत, बुनियादी धातुओं में 12 .30 प्रतिशत, बिजली के उपकरणों में 11 .32 प्रतिशत, विनिर्मित कपड़ों में 10 .22 प्रतिशत और रबड़ तथा प्लास्टिक के उत्पादों में 9 .59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी . नयी सीरीज में 697 की जगह अब 957 वस्तुओं को शामिल किया गया है . ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों को भी जगह मिली है . कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को अब प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी से हटाकर ईंधन एवं बिजली वर्ग में शामिल किया गया है . इसमें अलग-अलग वस्तुओं को दिये जाने वाले भारांश में भी बदलाव किया गया है .

# आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर लॉन्च

**भोपाल, 15 जून.** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर लॉन्च किया है। यह भारतीय जीवन बीमा उद्योग का पहला यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) है, जिसमें पहले से शामिल गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट दिया गया है।

आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर एक नॉन-पार्टिसिपेटिंग लिंक्ड इंडिविजुअल सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। इसे उन ग्राहकों के लिए बनाया गया है, जो टैक्स के लिहाज से बेहतर और गारंटीड फायदे चाहते हैं। इसका ढाँचा बेहद सरल है, एक बार निवेश कीजिए, पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर का लाभ लीजिए और पाँच वर्ष पूर्ण होने पर मैच्योरिटी लाभ पाइए। मैच्योरिटी पर ग्राहक को फंड वैल्यू या गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट में से जो अधिक होगा, वह मिलेगा। इससे निवेश पर निश्चित और भरोसेमंद रिटर्न मिलता है।

उदाहरण के लिए, मान लीजिए कोई 45 वर्षीय ग्राहक एकमुश्त निवेश का विकल्प चुनता है। वह आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर में 5 लाख रुपए निवेश करके पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर का लाभ ले सकता है।

# डिजीबर्ड्स 360 : एआई युग की परफॉर्मेंस

**नयी दिल्ली, 15 जून सर्च अब सिर्फ एक चैनल नहीं रह गया है. किसी नए कैफे में जाने से पहले आजकल ज्यादातर लोग गूगल पर सर्च करने के बजाय पहले इंस्टाग्राम देखते हैं. वे रील्स और टैग की गई पोस्ट्स के जरिए वहां का माहौल, भीड़ और अनुभव समझते हैं. वहीं, चैटजीपीटी और जेमिनी जैसे एआई प्लेटफॉर्म उत्पादों की जानकारी और रिसर्च के लिए तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं.**




गूगल के एआई ओवरव्यू भी यह बदल रहे हैं कि लोग सर्च परिणामों को कैसे देखते और समझते हैं. ऐसे में ब्रांड्स के लिए सिर्फ कीवर्ड रैंकिंग हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें पूरे सर्च इकोसिस्टम में अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करनी होती है—चाहे वह सोशल मीडिया फीड हो या एआई द्वारा तैयार किए गए जवाब.

डिजीबर्ड्स360 एक डेटा-आधारित डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी है, जिसे इसी बदलते डिजिटल युग की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. पारंपरिक एसईओ और पीपीसी सेवाओं के साथ-साथ यह एजेंसी एलएलएम एसईओ, एजेंटिक एआई एसईओ और एआई-संचालित विज्ञापन प्रबंधन जैसी आधुनिक सेवाएं भी प्रदान करती है. डेटा विश्लेषण और रचनात्मक रणनीति के मेल के जरिए यह ब्रांड्स को उन सभी प्लेटफॉर्मों पर अधिक दिखाई देने योग्य बनाती है, जहां उनका लक्षित उपभोक्ता जानकारी खोजता है. एजेंसी की विशेषज्ञता स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं, शिक्षा, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में फैली हुई है. इसके ग्राहकों में बजाज मार्केट्स, कार्स24, हेल्थकार्ट, यूरेका फोर्ब्स, जीएसके, मेडिमिक्स, इंडियन मोटरसाइकिल, एमेरिटस और एफएनपी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं.

> मार्केटिंग अभियानों के संचालन के अलावा डिजीबर्ड्स360 मार्केटिंग टेक्नोलॉजी (मारटेक) सेवाएं भी प्रदान करती है . इनमें जीए4 कंसल्टिंग, कस्टमर डेटा प्लेटफॉर्म (सीडीपी) सेवाएं और कन्वर्जन रेट ऑप्टिमाइजेशन शामिल हैं . इन सेवाओं की मदद से कंपनियां न केवल यह समझ पाती हैं कि उनकी वेबसाइट पर कौन आ रहा है, बल्कि यह भी जान पाती हैं कि कौन-से कारण आगंतुकों को ग्राहकों में बदल रहे हैं . ऐसे समय में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता खोज और खोजे जाने के तरीकों को पूरी तरह बदल रही है, डिजीबर्ड्स360 ब्रांड्स को भविष्य की डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है .

# भारती एयरटेल ने अफ्रीका स्टेक विलय के लिए समर्थन प्राप्त किया

**नई दिल्ली, 15 जून. भारती एयरटेल लिमिटेड ( 'भारती एयरटेल' या 'कंपनी' ) ने आज घोषणा की कि उसके लगभग 100% शेयरधारकों ने अपनी प्रमुख रणनीतिक सहायक कंपनी एयरटेल अफ्रीका पीएलसी में हिस्सेदारी के संकलन के लिए चल रहे समझौते को मंजूरी दे दी है, जो भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी में कॉर्पोरेट सुशासन के सर्वोच्च मानकों को रेखांकित करने के साथ-साथ निवेशकों के सुदृढ़ विश्वास को भी पुष्ट करता है।**

इस लेन-देन में भारती एयरटेल इंडियन कांटिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, एक प्रमोटर समूह संस्थान, को अधिमान्य आधार पर अपने इक्विटी शेयर जारी कर रहा है, बदले में एयरटेल अफ्रीका में 16.31% हिस्सेदारी लेने के लिए। इस प्रस्ताव को सार्वजनिक एवं संस्थागत निवेशकों सहित शेयरधारकों से अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ, जो इसके रणनीतिक औचित्य और दीर्घकालिक मूल्य सृजन की संभावनाओं में विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। यह लेन-देन एक नकदी-रहित शेयर अदला-बदली (शेयर स्वैप) है, जो कंपनी को बिना किसी अतिरिक्त ऋणभार अथवा नकदी बहिर्वाह के एक उच्च-वृद्धि वाली परिसंपत्ति में बड़ी हिस्सेदारी अर्जित कर अपनी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।

## पतंजलि शंखनाद

# भारतीय मूल्यों से प्रशासनिक नेतृत्व

**हरिद्वार, 15 जून पतंजलि ने भारतीय संस्कृति, आधुनिक विज्ञान और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत आईएएस, आईपीएस एवं अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के निर्माण के उद्देश्य से पतंजलि सिविल सेवा अकादमी के शुभारंभ (शंखनाद) की घोषणा की है.**



यह अभिनव पहल प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक प्रशासनिक आवश्यकताओं के समन्वय द्वारा भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी. अकादमी का उद्देश्य केवल सफल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना भी है जो भारत माता की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानें. इस दिशा में अकादमी एक करोड़ समर्पित नागरिकों के निर्माण का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है.

स्वामी रामदेव ने कहा - 'विरासत और विज्ञान' से होगा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण. योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने इस अकादमी को शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी योगदान बताते हुए कहा कि भारत संविधान से संचालित होता है, लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार अधिकारियों का चरित्र होता है. उन्होंने कहा कि शिक्षा संसार का सबसे बड़ा रचनात्मक कार्य है क्योंकि यह व्यक्ति के मन, चरित्र और नेतृत्व का निर्माण करती है. अकादमी में 'त्रि-शिक्षा' मॉडल अपनाया जाएगा, जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान, प्रशासनिक उत्कृष्टता और शैक्षणिक कठोरता का समन्वय होगा. यह मॉडल ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद की त्रिवेणी की तरह कार्य करेगा. अकादमी का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप 'विरासत और विज्ञान' तथा 'बोधि और शोध' के सिद्धांतों पर आधारित होगा.

## आयुष्मान योजना पात्रता मिनटों में जांचें अभी

**नई दिल्ली, 15 जून** महंगे इलाज और लगातार बढ़ते चिकित्सा खर्चों के बीच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के करोड़ों परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरी है. इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाता है, जिससे गंभीर बीमारियों और अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हो जाता है. हालांकि आज भी बड़ी संख्या में लोगों को यह जानकारी नहीं है कि वे इस योजना के लिए पात्र हैं या नहीं.

# सोना और चांदी में आया जोरदार उछाल

**2,120** रुपए उछला सोना

**4,940** रुपए महंगी हुई चांदी

**नई दिल्ली, 15 जून. पश्चिम एशिया में शांति बहाली के संकेतों और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते की उम्मीदों के बीच आज सर्राफा बाजार में तेजी देखने को मिली.**



निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ते रुझान के कारण सोने और चांदी दोनों की कीमतों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया. बाजार आंकड़ों के अनुसार, सोने की कीमत में आज 10 ग्राम पर करीब 2,120 की बढ़ोतरी हुई और यह 1.53 लाख के पार पहुंच गया. वहीं चांदी की कीमतों में भी लगभग 4,940 प्रति किलोग्राम की तेजी देखी गई, जिससे यह नया स्तर छू गई.

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और वैश्विक बाजार में अनिश्चितता के चलते निवेशक फिर से कीमती धातुओं की ओर रुख कर रहे हैं. इसी वजह से सोने-चांदी की मांग बढ़ी है और कीमतों में तेजी आई है.

## समाचार विशेष



# तृणमूल कांग्रेस में दरार, धड़कनें शिंदे की क्यों बढ़ीं... ?

**नई दिल्ली. राजनीति में एक पुरानी कहावत है 'असर बहुत दूर तक होता है.' इस समय पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हलचल का सीधा असर हजारों किलोमीटर दूर महाराष्ट्र की सियासत पर पड़ता दिख रहा है. पहली नजर में यह कनेक्शन अजीब लग सकता है, लेकिन अगर इन कड़ियों को जोड़कर देखें, तो पूरी तस्वीर साफ हो जाती है.**

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस में हो रही टूट का सीधा असर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की 'बार्गेनिंग पावर' पर पड़ने वाला है.

भले ही महाराष्ट्र विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी बेहद मजबूत स्थिति में है, लेकिन केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार सहयोगियों के भरोसे चल रही है. 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी जब 240 सीटों पर सिमट गई, तब टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर) और एकनाथ शिंदे की शिवसेना (7 सांसद) जैसे सहयोगी दल सरकार की रीढ़ बन गए. बीजेपी के बहुमत से चूकने के कारण दिल्ली के दरबार में शिंदे का राजनीतिक वजन अचानक बढ़ गया था. 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ने राज्य के भीतर महायुति के समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया. बीजेपी ने अकेले 132 सीटें जीतीं, जो शिवसेना की 57 सीटों के मुकाबले दोगुनी से भी ज्यादा थीं.

इसी ताकत के अंतर के कारण एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी और वे उपमुख्यमंत्री बने, जबकि देवेंद्र फडणवीस की मुख्यमंत्री के रूप में वापसी हुई.

राज्य में बीजेपी अब केवल शिवसेना पर निर्भर नहीं है, क्योंकि उसे सुनेत्रा पवार की एनसीपी के 41 विधायकों का भी समर्थन हासिल है. ऐसे में शिंदे के पास बीजेपी से मोलभाव करने के लिए केंद्र के 7 सांसद ही सबसे बड़ा जरिया बचे थे.

**इतिहास का यू-टर्न-** एकनाथ शिंदे का खुद का उदय एक क्षेत्रीय पार्टी (शिवसेना) में बगावत के जरिए हुआ था, जिससे बीजेपी को महाराष्ट्र और केंद्र दोनों जगह मजबूती मिली थी. अब किसी दूसरी क्षेत्रीय पार्टी (टीएमसी) में वैसी ही बगावत शिंदे के लिए उल्टा असर डाल रही है.


## यूको बैंक UCO BANK

(A Government of India Undertaking)

आंचलिक कार्यालय, 380-381, साकेत नगर, इंदौर (म.प्र.)
फोन: 0731-2438331
email: zoindore.rec@uco.bank.in

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी दिनांक 30.06.2026

(सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत)

सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002 के अन्तर्गत

सम्पत्ति के विक्रय की सार्वजनिक सूचना ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.06.2026 को दोपहर 1 बजे तक या उसके पूर्व अचल सम्पत्ति की बिक्री जो बैंक के पास बंधक है

सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002

जबकि **युको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा धारा 13 (2) व सिक्युरिटायजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002 के अन्तर्गत सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। बैंक कि बकाया राशि ब्याज सहित हेतु निम्न सम्पत्तियों को **जहाँ है जैसी है, जैसी है वैसी है, जो कुछ भी है, बिना संसाधन** के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ऋणी द्वारा बैंक का बकाया मय ब्याज के चूकाने मे असफल होने के कारण अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सरफेसी अधिनियम 13 (4) के अन्तर्गत सम्पत्ति की ई-नीलामी वेबसाइट द्वारा की जानी है।

| क्रं. | शाखा | ऋणियों के नाम | ऋणी के खाते में बकाया राशि (₹) | सूचना दिनांक एवं आधिपत्य दिनांक | स्वायत शासी संस्थाओं का बकाया | संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य यथा / बयाना राशि | ईएमडी खाता क्रं., शाखा एवं आईएफएससी कोड क्रं. | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पिपलियाहाना शाखा, इन्दौर | श्री सुरज दास बैरागी (प्रो: मेसर्स सन एग्रोटेक) | 1,99,98,974.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 11.02.25 / 17.04.25 | पता नहीं | **संपत्ति 1:** 305 एवं 306 पर स्थित व्यवसायिक फ्लेट, असावा चेम्बर, तीसरी मंजिल, प्लाट नं. 14, स्नेह नगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, आईडीए स्कीम नं. 31, सपना संगीता रोड, इन्दौर 452001, सुपर बिल्टअप **क्षेत्रफल 558.80 वर्गफीट**, मालिक: श्री सुरजदास बैरागी, रजिस्टर्ड वाईड सेल डीड MP179132023AI2088197 दिनांक 05.07.2023, सब रजिस्ट्रार ऑफिस इन्दौर, **चर्तु:सीमा: पूर्व:** अन्य बिल्डिंग, **पश्चिम:** कॉमन पेसेज, **उत्तर:** कॉमन सिढ़ी, **दक्षिण:** फ्लेट नं. 307 | रु. 32.18 लाख / रु. 3,21,800 | 22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283 | 30.06.2026 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार) |
| | | | | | | **संपत्ति 2:** 307 पर स्थित व्यवसायिक फ्लेट, असावा चेम्बर, तीसरी मंजिल, प्लाट नं. 14, स्नेह नगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, आईडीए स्कीम नं. 31, सपना संगीता रोड, इन्दौर 452001, सुपर बिल्टअप **क्षेत्रफल 500.50 वर्गफीट**, मालिक: श्री सुरजदास बैरागी, रजिस्टर्ड वाईड सेल डीड MP179132023A12088099 दिनांक 05.07.2023, सब रजिस्ट्रार ऑफिस इन्दौर, **चर्तु:सीमा: पूर्व:** अन्य बिल्डिंग, **पश्चिम:** फ्लेट नं. 308, **उत्तर:** फ्लेट नं. 306, **दक्षिण:** कॉमन पेसेज उसके बाद सड़क | रु. 28.82 लाख / रु. 2,88,200 | | |
| 2. | फ्रीगंज उज्जैन शाखा | श्री समीर खान पिता श्री सलीम खान एवं श्रीमती शुमाया शेख पति श्री समीर खान | 13,56,519.94 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 13.10.23 / 15.01.24 | पता नहीं | संपत्ति के सभी प्रमुख अंग म्युनिसिपल मकान नं. 38/2 पर स्थित रहवासी मकान, लाला लाजपतराय मार्ग, गली नं. 02, फजलपुरा, उज्जैन, **संपत्ति मालिक: श्री समीर खान पिता श्री सलीम खान एवं श्री शुमाया शेख पति श्री समीर खान**, ई रजिस्ट्री नं. MP432022020A1320250, पेजेस 1-22, दिनांक 25.06.2020 को रजिस्ट्रार ऑफिस उज्जैन में पंजीकृत, **चर्तु:सीमा: उत्तर:** सरकारी गली, **दक्षिण:** दिगार का मकान, **पूर्व:** भिंजलराम का मकान, **पश्चिम:** दिगार का मकान | रु. 10.85 लाख / रु. 1,08,500 | 22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283 | 30.06.2026 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार) |

**आनलाईन निविदा/नीलामी की नियम व शर्तें: (1)** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट **https://baanknet.com** देखें (बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए और ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए भी)। **(2)** इच्छुक बोलीदाता के पास एक स्वयं की वैध सक्रिय ई-मेल आईडी और पैन होना चाहिए। **(3)** अपसेट प्राईस/रिजर्व प्राईस की 10% (ईएमडी राशि) राशि सर्विस प्रोवाइडर द्वारा बनाये गये वर्चुअल वॉलेट में भेजी जाना चाहिये और बकाया राशि निविदा फार्म मे स्पष्ट रुप से दर्शाई जाना चाहिए। **(4)** अधोहस्ताक्षरी के पास पूर्ण अधिकार है की वह बिना किसी पूर्व सूचना के एवं बिना कोई कारण बताएं किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या स्थगित/रद्द करने का बिक्री की किसी भी नियम व शर्तों को बढ़ाने/संशोधित करने का अधिकार है। **(5)** बिक्री सरफेसी संशोधित अधिनियम/नियम 2002 और शर्तों में निर्धारित शर्तों के अधीन है। **(6)** बैंक द्वारा निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य करने के उपरांत 25% प्रतिशत राशि (प्राथमिक राशि ईमएडी सहित) उसी दिन या अगले कार्यदिवस तक बैंक के **खाता संख्या 22830210001462, यूको बैंक, आनंद बाज़ार शाखा, आईएफएससी कोड UCBA0002283** के खाते में आरटीजीएस/एनईएफटी/मनी ट्रांन्सफर द्वारा जमा करनी होगी। **(7)** सफल बोलीकर्ता को अपने पक्ष में बिक्री की पुष्टि होने के 15 दिनो के भीतर बिड की बकाया राशि जमा कराना होगी यदि सफल बोलीकर्ता अपनी बकाया राशि उस अवधि के भीतर जमा करने में विफल होता है तो उस परिस्थिति में सम्पत्ति का पून: विक्रय किया जावेगा। ऐसी स्थिति में उसके द्वारा जमा कि गई राशि जब्त कर ली जावेगी। इसके अतिरिक्त उसे सम्पत्ति पर या उस सम्पत्ति पर दावा करने का कोई अधिकार नही होगा जिसे फिर से बेची गई है। **(8)** सम्पत्ति का निरीक्षण पूर्व अनुमति लेकर **दिनांक 29.06.2026 को प्रात: 10.00 बजे से सांयकाल 4.00 बजे** के बीच किया जा सकता है। सम्पत्ति सम्बन्धी अन्य जानकारी या विवरण के लिए **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक, आंचलिक कार्यालय, इन्दौर, फोन नं.: 0731-2438331** से संपर्क किया जा सकता है। **(9)** यदि बिक्री 30 (तीस) दीनों की अवधि के लिये स्थगित की जाती है तो बिक्री की कोई नई शर्तें नहीं होगी। **(10)** बोलीकर्ता को नीलामी में भाग लेने के पूर्व सेवा प्रदाता के पोर्टल/वेबसाइट (अर्थात, **https://baanknet.com**) पर जाने की सलाह दी जाती है। नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व सभी बोलीकर्ताओं को बिक्री के नियम व शर्तों को ठीक तरह से पढ़ने व समझने की सलाह दी जाती है। नीलामी सुरक्षित लेनदार बैंक की पुष्टि के अधिन है। विवाद की स्थिति में अंग्रेजी शब्द में लिखित अखबार को मान्य किया जायेगा।

**स्थान : इन्दौर, दिनांक : 16.06.2026**

**प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक**